## समाचार

# निदान–1100 से प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण सुनिश्चित हो–आयुक्त

(आयुक्त श्री एस.के.दुबे ने अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा एवं अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में की निगम कार्यो की विस्तृत समीक्षा, शिकायतों व समस्याओं के शीघ्र निराकरण पर विशेष फोकस)



कोरबा 06 जुलाई 2019 –आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निगम के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि निदान–1100 के अंतर्गत प्राप्त शिकायतों का त्वरित एवं समयसीमा में निराकरण सुनिश्चित करें। रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम स्थापित करने के कार्यो को 20 जुलाई तक पूरा करें तथा जिन लोगों ने निगम ने पैसे जमा करा दिए हैं, उनके भवनों में सिस्टम बनाने का कार्य शीघ्र प्रारंभ कराएं, वृक्षारोपण के तैयारियों को अंतिम रूप दें तथा निर्माणाधीन विकास व निर्माण कार्यो की कार्यप्रगति में तेजी लाएं।

नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित सभाकक्ष में आयुक्त श्री एस.के. दुबे ने निगम के अधिकारियों व अभियंताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक लेकर निगम के कार्यो तथा प्राप्त शिकायतों व समस्यों के निराकरण की कार्यप्रगति की विस्तार से बिन्दुवार समीक्षा की। उन्होने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निदान 1100 से प्राप्त शिकायतों का निराकरण त्वरित रूप से एवं समयसीमा के भीतर किया जाना सुनिश्चित करें, उन्होने स्पष्ट रूप से कहा कि समय पर निराकरण न होने की स्थिति में जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध कार्यवाही की जाएगी। उन्होने कहा कि निदान 1100 के अंतर्गत नल कनेक्शन, अतिक्रमण, अवैध निर्माण, शौचालय निर्माण, हैण्डपंप मरम्मत संधारण, जलप्रदाय संबंधी शिकायतें, सड़क रोशनी, सड़क मरम्मत, नाली मरम्मत एवं अन्य निर्माण कार्य, ठोस अपशिष्ट, साफ–सफाई, सी.एण्ड वेस्ट, राशन कार्ड, विभिन्न पेंशन योजनाओं के तहत दी जाने वाली पेंशन आदि सहित विविध कार्यो से संबंधित शिकायतें प्राप्त होती हैं, अतः इनका समयसीमा में समुचित रूप से निराकरण किया जाना अंतिम रूप से सुनिश्चित करें।

**रैनवाटर हार्वेस्टिंग कार्यो में त्वरित गति लाएं**– आयुक्त श्री दुबे ने निगम द्वारा विभिन्न भवनों, स्थानों में बनाए जा रहे रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम की कार्यप्रगति की जोनवार समीक्षा की तथा निर्देशित करते हुए कहा कि इन कार्यो में आवश्यक गति लाकर 20 जुलाई तक अनिवार्य रूप से कार्य को पूरा करें, उन्होने कहा कि जिन लोगों ने रैनवाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम निर्माण हेतु निगम में राशि जमा कराई है, उनके भवनों में सिस्टम बनाने का कार्य अतिशीघ्र प्रारंभ कराएं। उन्होने निर्देश दिए कि प्रतिदिन जोनवार प्रारंभ होने वाले रैनवाटर हार्वेस्टिंग से संबंधित कार्यो की दैनिक जानकारी संबंधित जोन कमिश्नर मेरे समक्ष में अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करें।

**वृक्षारोपण तैयारियों को अंतिम रूप दें**– आयुक्त श्री दुबे ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि निगम द्वारा 15 जुलाई के बाद वृहद वृक्षारोपण अभियान चलाया जाएगा, अतः वृक्षारोपण संबंधी आवश्यक तैयारियों को पूर्ण कर उन्हें अंतिम रूप दें, पौधारोपण हेतु आवश्यक संख्या में गड्ढे तैयार कराएं, पौधारोपण के पश्चात उनकी सुरक्षा के संबंध में

व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि निगम द्वारा गीले कचरे से खाद तैयार की जा रही है, वृक्षारोपण में इसी खाद का उपयोग सुनिश्चित करें।

<u>सड़कों पर मवेशियों के विचरण पर गंभीर रूख</u>— आयुक्त श्री दुबे ने नगर की सड़कों में मवेशियों के विचरण पर गंभीर रूख अख्तियार करते हुए इस पर समुचित रूप से आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि सड़कों पर मवेशियों के बैठने व विचरण करने से आवागमन प्रभावित होता है, दुर्घटना की संभावना बढ़ती है तथा आमजन को अनावश्यक परेशानी होती हैं, अतः सड़कों पर विचरण करते मवेशियों को उठाकर उन्हें सुरक्षित रूप से कांजी हाउस ले जाएं तथा इस संबंध में सभी आवश्यक व्यवस्थाएं तुरंत सुनिश्चित करें।

<u>नालों व तालाबों की सफाई की समीक्षा</u>— बैठक के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने निगम क्षेत्र में स्थित बड़े नालों व प्रमुख तालाबों की साफ—सफाई के कार्यो की कार्यप्रगति की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि निगम द्वारा सभी बड़े नालों की सफाई का कार्य पूरा कर लिया गया है तथा तालाबों की सफाई के प्रगतिरत कार्यो को एक सप्ताह में पूर्ण कर लिया जाएगा। आयुक्त श्री दुबे ने निर्देश दिए कि बड़े नालों की स्वच्छता पर सतत नजर रखें तथा यदि कहीं पर मलवा जमाव की स्थिति बनती है तो उसे तुरंत हटवाएं, ताकि बरसाती पानी की निकासी में कोई अवरोध उपस्थित न हो।

<u>पेंशन योजनाओं की समीक्षा</u> — आयुक्त श्री दुबे ने निगम द्वारा क्रियान्वित शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा की तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि पेंशन हितग्राहियों को निर्धारित समय पर पेंशन प्राप्त हों, यह अंतिम रूप से सुनिश्चित करें। उन्होने कहा कि निगम द्वारा पूर्व से ही यह व्यवस्था की गई है कि यदि शासन से समय पर राशि उपलब्ध नहीं होती तो निगम मद से पेंशन का भुगतान हितग्राहियों को किया जाए तथा राशि प्राप्त होने पर उसका समायोजन कर लिया जाए, अतः इस व्यवस्था के तहत यह सुनिश्चित कर लें कि हितग्राहियों को समय पर पेंशन प्राप्त हों तथा उन्हें अनावश्यक असुविधा न हों।

<u>निर्माण व विकास कार्यो की समीक्षा</u>— बैठक के दौरान आयुक्त श्री दुबे ने निगम द्वारा विभिन्न मदों के अंतर्गत कराए जा रहे विकास व निर्माण कार्यो की समीक्षा की, उन्होने महापौरनिधि, पार्षदमद, , विधायक मद, सांसद मद, अधोसंरचना, जिला खनिज न्यास, निगम मद, अमृत मिशन, मरम्मत एवं संधारण सहित अन्य विभिन्न मदों के तहत कराए जा रहे निर्माण कार्यो की मदवार, जोनवार एवं वार्डवार समीक्षा की तथा कार्यो में आवश्यक गति लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। उन्होने कहा कि कार्य के दौरान गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा समयसीमा में कार्यो को पूरा किया जाए, समयसीमा में कार्य पूर्ण न होने पर संबंधित निर्माण एजेंसी को पेनाल्टी लगेगी, अतः इस पर विशेष ध्यान दिया जाए।

बैठक के दौरान अपर आयुक्त श्री अशोक शर्मा, मुख्य लेखाधिकारी पी.आर.मिश्रा, अधीक्षण अभियंता ग्यास अहमद, कार्यपालन अभियंता एम.के. वर्मा, ए.के. शर्मा, एम.एन.सरकार, आर.के. माहेश्वरी, भूषण उरांव, आर.के.भोजासिया, आर.के.चौबे, उपायुक्त बी.पी.त्रिवेदी, स्वास्थ्य अधिकारी व्ही.के.सारस्वत, डॉ.संजय तिवारी, सहायक अभियंता अखिलेश शुक्ला, डी.सी.सोनकर, एन.के.नाथ, तपन तिवारी, विनोद शांडिल्य, एच.आर.बघेल, विवेक रिछारिया, संजीव बोपापुरकर, राजेश पाण्डेय, विपिन मिश्रा, राहूल मिश्रा, राजस्व अधिकारी श्रीधर बनाफर, सुनील वर्मा, कमलेश रात्रे, जमुना नायक सहित अन्य अधिकारीगण एवं समस्त उप अभियंतागण उपस्थित थे।